आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 15 अंक-127 कटनी ● बुधवार, 9 जून, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष -14 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

### कन्नड़ भाषा के बाद इंस्टा में शिव का अपमान



कन्नड़ भाषा को भद्दी भाषा बताने वाला गूगल का मामल अभी थमा भी नहीं है कि हिन्दू धर्म में भगवान शिव का मजाक उड़ाने का मामला सामने आया है। लेकिन इस बार गुनाहगार कोई ओर नहीं बल्कि सोशल प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम है। राजधानी दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के एक नेता ने इंस्टाग्राम के खिलाफ मामला दर्ज कराया है, जिसमें इंस्टाग्राम पर हिन्दू धर्म के भगवान शिव जी का अपमान करने का आरोप लगाया गया है।

### जल्द एमपी में मानसून की दस्तक

मुंबई में झमाझम बारिश ने लोगों को काफी राहत दी है। देश के उत्तरी इलाकों में भी मानसून के जल्द पहुंचने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक बीती रात में मुंबई में अच्छी बारिश हो रही है। इधर मध्य प्रदेश में प्री मानसून बारिश शुरू हो चुकी है। दक्षिण-पश्चिम मानसून अब पूर्वी भारत की ओर बढ़ रहा है। बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश में मानसून जल्द ही दस्तक दे सकता है।

# भूल-चूक माफ -शिवराज धाकड़, विजयवर्गीय ब्राह्मण तो सिंधिया बने राजपूत

**भोपाल।** मध्यप्रदेश की राजनीति में लगातार घमासान मचा हुआ है। पहले हनीट्रैप मामले में कमलनाथ को भाजपा घेर रही थी, लेकिन अब भाजपा अपनी कार्यसमिति की सूची को लेकर विपक्ष के निशाने पर है। दरअसल, भाजपा ने मंगलवार (8 जून) देर रात प्रदेश कार्यसमिति की घोषणा की। इसमें पहली बार पदाधिकारियों के नाम के आगे उनकी जाति लिख दी गई। यह सूची जारी होते ही विवाद शुरू हो गया, जिसके चलते महज 10 मिनट बाद ही लिस्ट को सोशल मीडिया से हटा दिया गया। इसके बाद रात 12. 45 बजे जाति हटाकर पदाधिकारियों की संशोधित सूची जारी की गई। जानकारी के मुताबिक, भाजपा के राज्यसभा सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया के भोपाल आने से पहले ही आनन-फानन में कार्यसमिति की सूची जारी की गई थी। इसमें सिंधिया के कुछ समर्थकों को भी एंट्री मिली, लेकिन पहली बार ऐसा हुआ, जब किसी पदाधिकारी के नाम के आगे उसके वर्ग व जाति का उल्लेख भी किया गया। हालांकि, कुछ नेताओं की जाति गलत लिखी थी। इनमें कैलाश विजयवर्गीय, सीएम शिवराज सिंह चौहान और ज्योतिरादित्य सिंधिया शामिल हैं। दरअसल, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय वैश्य हैं, जबकि उनके नाम के आगे ब्राह्मण लिखा था। वहीं, सीएम शिवराज सिंह चौहान की जाति धाकड़ और सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया की जाति राजपूत लिखी थी। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता लोकेंद्र पाराशर का कहना है कि पहली सूची गलती से जारी हो गई थी। उसमें सुधार किया गया, जिसके बाद सूची दोबारा जारी की गई। नई प्रदेश कार्यसमिति में 162 सदस्य, 218 विशेष आमंत्रित सदस्य, 23 स्थायी आमंत्रित सदस्य हैं। इनमें पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती का नाम नहीं है। स्थायी आमंत्रित सदस्यों में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री थावरचंद गेहलोत, केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय, सुमित्रा महाजन, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद प्रधान, ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय राज्यमंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, केंद्रीय राज्य मंत्री प्रह्लाद पटेल, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रहे विक्रम वर्मा, सत्यनारायण जटिया और प्रभात झा को शामिल किया गया है। इनके अलावा सांसद और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राकेश सिंह, गृह एवं संसदीय कार्यमंत्री नरोत्तम मिश्रा, लोक निर्माण मंत्री गोपाल भार्गव समेत पूर्व मंत्री लाल सिंह आर्य, ओमप्रकाश ध्रुवे, सांसद सुधीर गुप्ता, पूर्व मंत्री माया सिंह, जयभान सिंह पवैया, कृष्ण मुरारी मोघे, माखन सिंह और भगवत शरण माथुर को भी सूची शामिल किया गया है। पिछली कार्य समिति में सदस्य रहे पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेंद्रनाथ सिंह को इस बार जगह नहीं मिली, जबकि भोपाल के पूर्व जिलाध्यक्षों को शामिल किया गया।




प्रदेश कार्यसमिति की घोषणा, गलत जाति लिख फंसी भाजपा

### 10 मिनट में जारी हुई संशोधित सूची

जातियों के साथ सूची जारी करने को लेकर भाजपा घिरती नजर आई। इसके बाद सूची को डिलीट कर दिया गया। रात 12.45 बजे बीजेपी कार्यकारिणी की संशोधित सूची जारी की गई, जिसमें जाति हटा दी गई। हालांकि, इस मामले में कांग्रेस ने ट्वीट करके भाजपा को घेरने की कोशिश की।

## फटाफट खबरें



### मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ मेदांता अस्पताल में भर्ती

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोरोना वायरस संक्रमण के लक्षण दिखने के बाद उन्हें अस्पताल में एडमिट कराया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक कमलनाथ पिछले दो दिनों से सर्दी-बुखार से पीड़ित थे। उनमें बुखार के अलावा कोरोना संक्रमण के अन्य लक्षण भी दिखे थे। कमलनाथ सुबह 10 बजे मेदांता अस्पताल में चेकअप के लिए पहुंचे जिसके बाद डॉक्टरों ने उन्हें भर्ती होने को कहा।

### मिस्ट्री गर्ल बारबरा का दावा: मेहुल ने रिश्ते बनाने की कोशिश की



**नई दिल्ली।** हजारों करोड़ रुपये के पीएनबी घोटाले में वांछित भारत के भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी डोमिनिका जेल में बंद है। इधर मिस्ट्री गर्ल के नाम से मशहूर और चोकसी की गर्लफ्रेंड बारबरा जाबरिका ने पहली बार चुप्पी तोड़ी है। जाबरिका ने मेहुल को अगवा करने की अफवाहों को खारिज करते हुए कहा कि अपहरण करने का तो कोई मतलब ही नहीं बनता है। वह रिश्ते बनाने के लिए होटल बुक, फ्लाइट का टिकट कराने का अक्सर ऑफर करता था, लेकिन उसके सारे प्रस्ताव को ठुकरा दिया।

### फिर बढ़ी पेट्रोल डीजल की कीमत

**नई दिल्ली।** देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें लगातार बढ़ती जा रही हैं। बुधवार को भी दोनों ईंधनों की कीमतों में 25-25 पैसे की बढ़ोतरी हुई। इसके बाद दिल्ली में पेट्रोल 95.56 रुपये प्रति लीटर और डीजल 86.47 रुपये प्रति लीटर पर मिल रहा है। क्रूड ऑयल की कीमतों में तेजी के चलते दामों में बढ़ोत्तरी हो रही है। मुंबई में पेट्रोल 101.76 रुपये प्रति लीटर हो चुका है, जबकि चेन्नै में 96.94 और कोलकाता में 95.52 रुपये प्रति लीटर के भाव से पेट्रोल मिल रहा है।महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और राजस्थान के कई शहरों में पेट्रोल की कीमतें 100 के पार जा चुकी हैं

# उद्धव-मोदी की मुलाकात, गर्म हुआ सियासत का बाजार



**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने मंगलवार को दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री मोदी के साथ मुलाकात के बाद से उठ रहे सवालों पर शिवसेना ने कहा कि सत्ता में साथ नहीं होने का यह मतलब नहीं है कि रिश्ते टूट गए। व्यक्तिगत रिश्ते सत्ता से अलग होते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की दिल्ली में हुई मुलाकात को लेकर शिवसेना ने अपने मुखपत्र सामनाा में लेख लिखा है। इसमें कहा गया है कि सत्ता में एक साथ नहीं हैं, इसका मतलब रिश्ता टूट गया ऐसा नहीं होता है। ये रिश्ता कैसा है, इसका पूरा अध्ययन महाराष्ट्र के भाजपाई नेता आगे करते रहे हैं। राजनीतिक मतभेद होने का मतलब व्यक्तिगत रिश्ते कमजोर हो गए, ऐसा नहीं होता है। व्यक्तिगत रिश्ते-नाते सत्ता से कहीं अलग और ऊपर होते हैं। शिवसेना ने हमेशा इन रिश्तों को संभाला है। नरेंद्र मोदी-उद्धव ठाकरे की मुलाकात जिस तरह से राज्य शिष्टाचार का हिस्सा थी, उसी तरह व्यक्तिगत रिश्तों की भी थी। इसलिए इस मुलाकात पर आगे लंबे समय तक चर्चा की धूल उड़ती रहेगी। मुख्यमंत्री का दिल्ली दौरा राजनीति के लिए नहीं था, जिन्हें इस मुलाकात में राजनीति दिखती है, वे धन्य होंगे। प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री की मुलाकात से केंद्र से जुड़ीं महाराष्ट्र की समस्याएं हल करने की कोशिश थी।

### तो इसमें नया क्या...

महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा, मुझे नहीं पता कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के बीच अलग से कोई मुलाकात हुई है। यदि हम मान भी लेते हैं कि इस तरह की कोई बैठक हुई भी है, तो इसमें आश्चर्य की कोई बात नहीं है।%% फडणवीस ने कहा कि जब वह महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री थे, तो प्रधानमंत्री उनके साथ अलग से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते थे। उन्होंने कहा कि जब मैं प्रधानमंत्री से एक शिष्टमंडल के साथ मिलता था तो वह उनके साथ पांच से दस मिनट तक बात करते थे। बाद में प्रधानमंत्री राज्य से संबंधित मुद्दों पर मेरे साथ अलग से 15 से 20 मिनट तक चर्चा करते थे। पीएम नरेंद्र मोदी से रिश्तों और मुलाकात को लेकर पूछे गए सवाल को लेकर उद्धव ठाकरे ने दिल्ली में मंगलवार को बेबाकी से जवाब दिए। उद्धव ठाकरे ने कहा था कि भले ही राजनीतिक रूप से साथ नहीं हैं, लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि हमारा रिश्ता खत्म हो गया है।

## बड़ी राहत: बीते 24 घंटे में 92596 नए मामले सामने आए

# लगातार दूसरे दिन 1 लाख से कम केस



**नई दिल्ली।** देश में नए कोरोना वायरस संक्रमण के मामले लगातार दूसरे दिन भी एक लाख से नीचे आए हैं। बीते 24 घंटे में 92596 नए केस सामने आए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक बीते 24 घंटों में कोरोना संक्रमण के 96,596 नए मामले सामने आए हैं और इस दौरान 2219 लोगों मौत हुई है। केंद्रीय स्वास्थ्य ने बताया है कि इस दौरान कोरोना से ठीक होने वालों की संख्या 1 लाख 64 हजार 664 रही। इसको मिलाकर देश में अब तक कुल 2 करोड़ 75 लाख 4 हजार 126 लोग कोरोना से ठीक हो चुके हैं। भारत की कोरोना की रिकवरी दर फिलहाल 94.55फीसदी है। कोरोना संक्रमण के सक्रिय मामलों में भारत फिलहाल दूसरे स्थान पर है। साथ ही कुल संक्रमितों की संख्या के मामले में भी भारत का दूसरा स्थान है जबकि दुनिया में अमेरिका, ब्राजील के बाद अभी तक भारत में सबसे ज्यादा मौतें कोरोना संक्रमण के कारण हुई है। 8 जून तक देशभर में 23 करोड़ 90 लाख 58 हजार 360 कोरोना वैक्सीन के डोज दिए जा चुके हैं। बीते 24 घंटे में भी 27 लाख 76 हजार 96 टीके लगाए गए। वहीं अबतक 37 करोड़ 1 लाख से ज्यादा कोरोना परीक्षण हो चुके हैं। बीते दिन 19.85 लाख कोरोना सैंपल टेस्ट किए गए।


### भारत में फिलहाल मृत्यु दर 1.22 फीसदी

भारत में कोरोना के सक्रिय मामलों में भी गिरावट देखी गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक बीते 24 घंटों में कोरोना के 72,287 सक्रिय मामले कम हुए हैं। भारत में अभी फिलहाल कोरोना के 12 लाख 31 हजार 415 सक्रिय मामले हैं। कोरोना संक्रमित मरीजों की एक्टिव दर की बात की जाए तो ये अभी 4.23त्न है। भारत में अभी तक कुल 2 करोड़ 90 लाख 89 हजार 69 कोरोना मामले सामने आ चुके हैं। देश में कोरोना से मरने वालों का आंकड़ा 3,53,528 हो चुका है। भारत की कोरोना मृत्यु दर फिलहाल 1.22 फीसदी है।

### भोपाल में बिना वैक्सीन लगे युवक को मिला वैक्सीन सर्टिफिकेट

भोपाल के गांधीनगर के एक निवासी का आरोप है कि उसके बेटे को बिना वैक्सीन लगे वैक्सीन सर्टिफिकेट मिल गई। उसने बताया कि 27 मई को बेटे और पत्नी का स्लॉट बुक किया था जो 28 को मिला। बेटे का इलाज चल रहा है इसलिए मैं उसे नहीं ले गया। बेटे का भी सर्टिफिकेट आ गया। वहीं मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि इसकी जांच होगी और उसके बाद ही कुछ कहा जा सकता है। अगर किसी ने कुछ गलत किया होगा तो उसे सजा मिलेगी।

# महू में सेना की फायरिंग रेंज में गोली लगने से युवक की मौत



**महू।** सेना की हेमा फायरिंग रेंज में एक युवक की गोली लगने से मौत हो गई। युवक अपने साथियों के साथ बम की खोल बीनने गया था जो घटना के बाद उसे अकेला छोड़कर भाग गए। पीथमपुर रोड स्थित सेना की हेमा फायरिंग रेंज में मंगलवार दोपहर गायकवाड़ निवासी 24 वर्षीय बंटी पुत्र राजेंद्र वर्मा की गोली लगने से मौत हो गई। रात साढ़े आठ बजे उसका शव पोस्टमार्टम के लिए शासकीय मध्यभारत अस्पताल लाया गया। मृतक के भाई राहुल वर्मा ने बताया कि बंटी को उसके दो साथी हमेशा की तरह मंगलवार को भी प्रतिबंधित फायरिंग क्षेत्र में बम की खोल बिनने ले गए थे, लेकिन उस समय सेना का अभ्यास चल रहा था। लेकिन गोली लगने के बाद उसके साथ घर पर सूचना देने या उसे अस्पताल ले जाने के बजाय उसे घायल अवस्था में ही छोड़कर भाग गए। उसके शरीर पर खून रोकने के लिए जो शर्ट बांधी थी, वह उसके साथी की है। गोली मृतक के कमर के एक ओर से लगी जो चीरते हुए दूसरी ओर निकल गई। किशनगंज पुलिस ने देर रात को मर्ग कायम कर लिया है।

# चीन के बाद अमेरिका में हंता वायरस का खतरा



**वाशिंगटन।** कोरोना महामारी के बीच अब अमेरिका के मिशगिन में हंता वायरस का खतरा मंडराने लगा है। मिशगिन में एक महिला के हंता वायरस से संक्रमित होने की आशंका जताई गई है। इस महिला को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घर की सफाई के दौरान यह महिला चूहों के संपर्क में आई थी। इसके बाद उसकी तबियत खराब हुई। महिला को फेफड़ों में दिक?कत के बाद उसे गंभीर हालत में अस?पताल में भर्ती कराया गया है। अमेरिका में जनवरी 2017 तक हंता वायरस के 728 मामले सामने आए थे। अमेरिकी अधिकारी 1993 से इस वायरस पर नजर बनाए हुए हैं।अभी तक किए गए शोध के अनुसार हंता वायरस हवा के जरिए नहीं फैलता और ना ही एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में जाता है। लेकिन चूहे और गिलहरी के संपर्क में आने से किसी भी इंसान के अंदर हंता वायरस आ सकता है। इस वायरस के इन्फेक्शन के कारण इंसान की मौत भी हो सकती है। अमेरिका से पहले चीन के युन्नान में हंता वायरस के कारण एक व्यक्ति की मौत हो हुई थी।

### क्या हैं हंता वायरस के लक्षण

सेंटर फॉर डिसीज कंट्रोल और प्रेवेंशन के अनुसार हंता वायरस की पहचान करना आसान है। जब कोई इंसान हंता वायरस से संक्रमित होता है तब उसे 101 डिग्री के ऊपर बुखार होता है। उसकी मांसपेशियों में दर्द रहता है और उसे सिर दर्द भी महसूस होता है। इसके अलावा हंता वायरस से संक्रमित व्यक्ति को उल्टी और पेट दर्द की समस्या भी हो सकती है। इसके साथ ही त्वचा पर लाल दाने भी उभरने लगते हैं।

### आज ममता बैनर्जी से मुलाकात करेंगे टिकैत

**कोलकाता।** भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत आज पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से कोलकाता में मुलाकात करेंगे। सूत्रों के मुताबिक दोनों नेताओं के बीच केंद्र के कृषि कानूनों के खिलाफ किसान आंदोलन को तेज करने और सरकार को घेरने की रणनीति पर चर्चा होगी। मुलाकात से पहले किसान नेता राकेश टिकैत ने मीडिया से कहा कि आज वो तीन बजे मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मुलाकात करेंगे। इस दौरान उनकी बात कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा और स्थानीय किसानों के मुद्दे पर होगी।

# पहली बारिश में ही थम गई मुंबई की रफ्तार ,कई जगह लगा जाम




**मुंबई।** मानसून ने महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में आज यानी बुधवार को अपनी दस्तक दी है। मानसून की पहली बारिश में ही मुंबई का बेहाल हो गया। सड़कों के जलमग्न होने से भारी ट्रैफिक लग गया। वहीं पटरियों पर पानी भरने के चलते कई ट्रेनें लेट चल रही हैं तो कई के पहिए थम गए। भारत विज्ञान मौसम विभाग (आईएमडी) के मुताबिक आने वाले 48 घंटे तक मुंबई में इसी तरह से तेज बारिश होती रहेगी। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक, मुंबई में 11.43 बजे हाई टाइड के आने की आशंका है। इस दौरान समुद्र की लहरें 4.16 मीटर की ऊंचाई तक पहुंच सकती हैं। ऐसे में एहतियातन समुद्र के किनारे के इलाकों को खाली करवा लिया गया है। साथ ही कई टीमें नजर बनाए हुए हैं। आईएमडी मुंबई के उप महानिदेशक डॉ जयंत सरकार ने बताया कि महाराष्ट्र में इस बार समय से एक दिन पहले मानसून ने दस्तक दे दी है।

### एकतरफा मोहब्बत में दो बच्चों के पिता ने युवती पर फेंका तेजाब



**रीवा।** मध्यप्रदेश के रीवा जिले में एकतरफा मोहब्बत में एक सिरफिरे आशिक ने खौफनाक वारदात को अंजाम दे दिया। उसने अपने घर में सो रही युवती पर तेजाब फेंक दिया, जिससे पीड़िता और दो नाबालिग झुलस गईं। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गया। हालांकि, जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने महज दो घंटे बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। वहीं, पीड़ित युवती और दोनों नाबालिगों को संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।जानकारी के मुताबिक, यह घटना जनेह थाना क्षेत्र में हुई। पनासी निवासी उमाशंकर दो बच्चों का पिता है और इलाके में रहने वाली एक युवती से एकतरफा मोहब्बत करता था। उसने युवती के सामने कई बार अपना प्रेम प्रस्ताव रखा, जिसे उसने ठुकरा दिया।

# जितिन प्रसाद ने थामा भाजपा का दामन



**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले लंबे वक्त से अंदरुनी कलह झेल रही कांग्रेस पार्टी को एक और बड़ा झटका लगा है। कांग्रेस के दिग्गज नेता जितिन प्रसाद ने कांग्रेस छोड़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का दामन थाम लिया है। जितिन प्रसाद के भाजपा में शामिल होने को पार्टी के मिशन यूपी 2022 की शुरुआत के तौर पर देखा जा रहा है। कई लोगों का मानना है कि जितिन प्रसाद ब्राह्मण नेता हैं और उनको पाले में लाकर भाजपा ब्राह्मणों में संदेश देना चाहती है कि पार्टी उनके साथ है।

### राहुल के करीब नेताओं में शुमार

जितिन प्रसाद धौरहरा लोकसभा सीट से सांसद रह चुके हैं। इसके अलावा यूपी सरकार में उनके पास मानव संसाधन विकास राज्य मंत्री की जिम्मेदारी थी। जितिन प्रसाद का नाम उन युवा नेताओं में शुमार रहा है, जो राहुल गांधी के करीबी हैं। इससे पहले राहुल के ही सबसे करीबी ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भाजपा का दामन थाम लिया था। इसके बाद भाजपा ने सिंधिया को राज्यसभा भेजा था।

### पायलट फिर नाराज, पर भाजपा को सबक

राजस्थान की राजनीति में बगावत की सुगबुगाहट काफी समय से चल रही है। इस बीच सचिन पायलट ने एक बार फिर अपनी नाराजगी जाहिर की। भाजपा ने इस मुद्दे को भुनाने की कोशिश की और कांग्रेस को घेरने का प्रयास किया। ऐसे में पायलट कांग्रेस के समर्थन में उतर आए और पलटवार करते हुए भाजपा को करारा सबक सिखा दिया।

# एक माह में टूटा 9 बच्चों का रिकार्ड, महिला ने दिया एक साथ 10 बच्चों को जन्म



**चीरिटोरिया (दक्षिण अफ्रीका) एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका के नौ में से एक प्रांत गोटेंग की एक महिला ने दस बच्चों को एक साथ जन्म देकर विश्व रिकॉर्ड बनाया है। अब तक ये रिकॉर्ड माली की हलीमा सिसे के नाम था जिसने पिछले माह माह नौ बच्चों को एक साथ जन्म दिया था। एक साथ सबसे अधिक बच्चों को जन्म देने वाली महिला का नाम गोसेम थमारा सिथोले है। 37 वर्षीय सिथोले ने इन बच्चों को प्रिटोरिया के अस्पताल में जन्म दिया है। सिथोले ने सात लड़कों और तीन लड़कियों को जन्म दिया है। सिथोले का कहना है कि उसने किसी भी तरह का फर्टिलिटी ट्रीटमेंट नहीं लिया था। प्रिटोरिया का कहना है कि 29 सप्ताह के गर्भ के बाद उसने इन बच्चों को जन्म दिया है। आईओएल न्यूज ने इसको अपने वेरिफाइड अकाउंट से ट्वीट भी किया है। सिथोले के पति ने प्रिटोरिया न्यूज को बताया कि वो इसको लेकर काफी भावुक है और बेहद खुश भी है। खुशी के मारे वो कुछ कह नहीं पा रहा है। टेंबिसा के अपने घर पर कि वो अपनी प्रेग्नेंसी को लेकर काफी हैरान था। हालांकि, उसने ये कहा कि कुछ रीति-रिवाजों को निभाने की वजह से उसने इस खबर को बाद में उजागर किया था। उसने बताया कि डॉक्टरों ने इससे पूर्व सिथोले की जांच के दौरान इस बात की संभावना जताई थी कि वो एक साथ छह बच्चों को जन्म दे सकती है, लेकिन उसके बाद हुए स्कैन में कुछ और ही दिखाई दिया। सिथोले ने बताया कि वो भी अपनी प्रेग्नेंसी को लेकर शुरुआत में काफी हैरान और परेशान थी। शुरुआती दिनों में ये कााफी मुश्किल भी था। वो कफी कमजोर महसूस करती थी। उसके लिए सबकुछ काफी मुश्किल हो रहा था। उसने बताया कि शुरुआती दिनों में वो इसको लेकर जहां परेशान थी, वहीं बाद में वो इसकी आदी हो गई थी। बाद में उसको कोई दर्द भी नहीं होता था, लेकिन ये काफी मुश्किल जरूर था। उसने बताया कि वो भगवान से दुआ मांगती थी कि बच्चों के जन्म के समय वो उसकी मदद करे और उसके बच्चों को सही-सलामत रखे। उसने बताया कि वो अब काफी खुश है। एक रिटेल स्टोर मैनेजर ने बताया कि जब सिथोले को दस बच्चों के बारे में पहली बार पता चला था तो वो इसको लेकर काफी परेशान थी। लेकिन उसने उसे समझाया कि परेशान होने की जरूरत नहीं है। यदि उसके ज्यादा बच्चे हुए तो भी वो दो या तीन ही होंगे, इसे अधिक नहीं। उसने बताया कि शुरुआत में उसने डॉक्टरों के कहे का भी विश्वास नहीं किया था।



# ग्रामीण क्षेत्रों में वेक्सीनेशन के लिये करें माईक्रो प्लानिंग

## पीडीएस की एवं खाद-बीज दुकानों में रखें नजर

## ब्लॉक लेवल क्राईसिस मैनेजमेन्ट कमेटी की बैठक में कलेक्टर के निर्देश





**कटनी।** कलेक्टर प्रियंक मिश्रा की अध्यक्षता में बड़वारा जनपद पंचायत सभाकक्ष और विजयराघवगढ़ विकासखण्ड के ग्राम डोकरिया में ब्लॉक स्तरीय क्राईसिस मैनेजमेन्ट ग्रुप की बैठक आयोजित हुई। बड़वारा विकासखण्ड में आयोजित बैठक में क्षेत्रीय विधायक विजयरघवेन्द्र सिंह भी शामिल हुये। ब्लॉक लेवल क्राईसिस मैनेजमेन्ट ग्रुप के तहत बड़वारा में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने विकासखण्ड अंतर्गत वेक्सीनेशन के कार्य की विस्तृत समीक्षा की। इसके साथ ही कोरोनो कर्फ्यू का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश भी संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिये। उन्होने कहा कि एहतियात जरुरी है। भीड़ भाड़ वाले स्थानों में नजर रखें और जारी निर्देशों के उल्लंघन पर सख्त कार्यवाही भी करें। ब्लॉक लेवल क्राईसिस मैनेजमेन्ट कमेटी की बड़वारा में आयोजित बैठक में विधायक श्री सिंह ने कहा कि वेक्सीनेशन के लिये शिक्षा, ग्राम पंचायत सचिव, जीआरएस, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को एक साथ आगे आकर काम करना होगा। तभी हम वेक्सीन को लेकर लोगों में व्याप्त भ्रम को दूर कर पायेंगे। उन्होने भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर निगरानी रखने, रोक लगाने और की बात भी कही। उन्होने कहा कि सभी बढ़ चढ़कर हिस्सा लें जिससे महामारी से बचा जा सके।

### शादियों के लिए दी गई अनुमति में गाइडलाइन का हो पालन

बड़वारा में आयोजित बैठक में श्री मिश्रा ने कहा कि शादियों के लिये दी गई अनुमति में गाईड लाईन का पालन हो और बिना अनुमति विवाह कार्यक्रमों के आयोजन पर धारा 188 के तहत एफआईआर भी दर्ज करें। पंचायतों में विलेज लेवल क्राईसिस मैनेजमेन्ट ग्रुप के सदस्य ऐसे आयोजनों की जानकारी अपने ब्लॉकस्तर के अधिकारियों को अनिवार्य रुप से दें। इसके साथ ही बैठक में पीडीएस दुकानों व खाद-बीज वितरण केन्द्रों में भी संक्रमण से बचाव के लिये आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश कलेक्टर ने दिये। उन्होने कहा कि आरआरटी ऐसे स्थलों पर नजर रखें और आवश्यकता अनुसार कार्यवाही भी सुनिश्चित करें। पीडीएस में वितरण के लिये व्यवस्था बनाने की बात भी बीसीएमसी की बैठक में कलेक्टर ने कही। बीसीएमएस की बैठक में टीकाकरण के कार्यो का रिव्यू करते हुये कलेक्टर ने पूर्व से ही रणनीति तैयार करने के लिये निर्देशित किया। उन्होने कहा कि वेक्सीनेशन के लिये चुनाव जैसी व्यवस्था तैयार करें। इस कार्य में सभी विभाग जुटें और शिक्षा विभाग की भी सहभागिता इसमें सुनिश्चित की जाये। कलेक्टर ने कहा कि 2 दिन पहले से वेक्सीनेशन के लिये पूर्व सूचना संबंधितों को उपलब्ध करायें, जिसमें कहा वेक्सीनेशन होगा, इसकी जानकारी संबंधित पंचायत को भी हो। इस तरह से 1 सप्ताह के लिये भी पूर्व तैयारी करें।

### वेक्सीनेशन को लेकर फैली भ्रांतियों को करें दूर

कलेक्टर ने वेक्सीनेशन को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में फैली भ्रांतियों और वेक्सीनेशन को लेकर की जा रही जागरुकता की गतिविधियों की जानकारी भी संबंधित सीईओ जनपदों और राजस्व के अमले से ली। उन्होने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में हमें वेक्सीन को लेकर व्याप्त भ्रांतियों को दूर करने आवश्यक कदम उठाने होंगे। इसके लिये मोबीलाईजेशन कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने कलेक्टर ने निर्देशित किया। कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के अमले को निर्देशित किया कि वे महाविद्यालय के छात्रों को वेक्सीनेशन कार्य के लिये ब्राण्ड एम्बेसडर के रुप में समाज के सामने प्रस्तुत करें। इन विद्यार्थियों के माध्यम से उनके घर, परिवार और आस-पड़ोस के लोगों को भी वेक्सीनेशन के लिये प्रेरित करने का कार्य करें। शिक्षकों को ग्रामस्तरीय संक्ट प्रबंधन समिति में शामिल करने और प्रत्येक बैठक में उन्हे शामिल करने के निर्देश भी कलेक्टर ने दिये। उन्होने कहा कि शिक्षक अपने ग्राम में लोगों को वेक्सीनेशन के लिये प्रेरित करें और व्यवहार परिवर्तन को लेकर अपने ग्रामों में सतत् रुप से कार्य करें।

## मास्क न लगाने वालों पर करें कार्यवाही



कलेक्टर ने ग्रामीण क्षेत्रों में वेक्सीनेशन के प्रति जनजागरुकता के कार्य में एनजीओ, एनएएसएस, एनसीसी और नेहरु युवा केन्द्रों का भी सहयोग लेने के लिये निर्देशित किया। इसके साथ ही आईईसी गतिविधियों में भी तेजी लाकर कार्य करने के निर्देश सीईओ जनपदों को दिये। विजयराघवगढ़ विकासखण्ड अंतर्गत समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री मिश्रा ने वेक्सीनेशन कार्य में प्रगति लाने और इस कार्य के लिये विभिन्न विभागों के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर प्लानिग करने के निर्देश दिये। उन्होने विजयराघवगढ़ में टीकाकरण को लेकर ग्रामवार विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने क्षेत्र में संचालित कंपनियों के माध्यम से भी कैम्पेन चलाने के निर्देश दिये। वहीं दुकानों के संचालन को लेकर आवश्यक कार्यवाही के लिये एसडीएम को निर्देशित किया। उन्होने कहा कि मास्क ना लगाने वालों पर कार्यवाही करें, जुर्माना लगायें।

## रजक समाज मेधावी छात्रों को करेगा आर्थिक मदद



**कटनी।** रजक समाज जनजागृति विकास समिति कटनी की आवश्यक बैठक गत दिवस समिति अध्यक्ष श्याम लाल रजक के अध्यक्षता में विक्रम हायर सेकेंडरी स्कूल लखेरा कटनी में आयोजित की गई। जिसमें सत्र 2020 में कक्षा दसवीं के 3, बारहवीं के 12 कुल 15 प्रथम श्रेणी में पास मेघावी छात्र-छात्राओं को बैंक खाता में नगद राशि समायोजित कराई जावेगी। साथ ही रजक समाज के सक्रिय कार्यकर्ता सामाजिक जन कोरोना कॉल में असमय निधन होने पर समिति द्वारा कैंडल जलाकर उन्हें अश्रुपूरित श्रद्धांजलि देकर उनके परिवार में आए इस दुखद समय पर ईश्वर उन्हें शक्ति प्रदान करें। कोरोनाकॉल में दुखद निधन हीरालाल बाथरे सिविल लाइन, महेंद्र रजक, कुंजी लाल रजक, श्रीमती माया देवी रजक पुरानी बस्ती, सुरेश बाथरे पाठक वार्ड, मुन्नीबाई रजक करहिया, रमलू रजक सरौली मझगवां, मैकूलाल रजक पड़रिया, गणेशी बाई रजक पुरानी बस्ती, शकुंतला रजक डोकरिया बरही, सुदर्शन रजक, रामसिया रजक मैहर आदि को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर रजक समाज के अध्यक्ष श्यामलाल रजक, प्रेमलाल रजक, भारत प्रसाद रजक, रामाधार रजक, मौजीलाल रजक, महिला इकाई अध्यक्ष सुमन रजक, मेहुल रजक, रामेश्वर रजक, राजकुमार रजक, सुखलाल रजक आदि उपस्थित रहे।

## अब रात 8 बजे तक खुल सकेंगी दुकानें

**कटनी।** विगत दिवस जिला स्तरीय क्रायसिस मैनेजमेंट समूह कोविड-19 की आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से लिये गए निर्णय अनुसार जिला दण्डाधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुपालन मे नगरीय सीमा अंतर्गत सभी प्रकार की दुकानों, प्रतिष्ठानों एवं फर्म आदि के संचालन का समय आगामी आदेश तक प्रातःकाल 08 बजे से रात्रि 8 बजे निर्धारित करनें के आदेश निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे ने जारी किये है। निगमायुक्त श्री धाकरे ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यालय नगर पालिक निगम कटनी द्वारा पूर्व में जारी आदेशों के अनुसार ही दुकानें, फर्म, प्रतिष्ठान आदि निर्धारित वैकल्पिक दिवसों में यथावत संचालित होंगी। जारी इस नवीन आदेश में केवल दुकानों के संचालन हेतु समय-सीमा में परिवर्तन किया जा रहा है। नगर में व्यवसायिक गतिविधियों के संचालन के दौरान जिला दण्डाधिकारी, कटनी द्वारा जारी आदेश के अनुसार ही समस्त गतिविधियों का संचालन, क्रियान्वयन सुनिश्चित करना अनिवार्य होगा। आदेश के उल्लंघन होने की दशा मे संबंधित व्यसायिक प्रतिष्ठान के संचालक के जायेगी।

# चौपाटी की जमीन का विक्रय बर्दाश्त नहीं

### एनएसयूआई के राष्ट्रीय समन्वयक ने जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन, प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाने की मांग



**कटनी।** शहर के मध्य करीब दो सैकड़ा छोटे व्यापारी कारोबारियों की रोजी रोटी का जरिया बन चुकी चौपाटी की जमीन को बेचने के लिए सरकार ने प्रक्रिया शुरू की है। जिस पर कड़ी आपत्ति जताते हुए एनएसयूआई के राष्ट्रीय समन्वयक दिव्यांशु मिश्रा अंशु ने कलेक्टर को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपते हुए प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। जारी विज्ञप्ति में एनएसयूआई जिलाध्यक्ष अंशु मिश्रा ने कहा है कि सरकार के गरीब विरोधी षड़यंत्र को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। जरूरत पड़ी तो सड़क पर उतरकर विरोध किया जाएगा। केंद्र और प्रदेश सरकार एक के बाद एक करके सरकारी संस्थानों और बेशकीमती जमीनों को षडयंत्र के तहत अपने चहेतों को देने में जुटी हुई है। जिससे कटनी शहर भी अछूता नहीं रह गया। हाल ही मे प्रदेश सरकार ने जिला चिकित्सालय के समीप स्थित पुराने बस स्टैंड की बेशकीमती जमीन को विक्रय करने के उद्देश्य से लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग को हस्तांतरित करने की प्रक्रिया शुरू की है। इस संबंध में मप्र शासन के लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग के अपर सचिव शशांक मिश्रा ने पत्र जारी कर लीज समाप्त होने का हवाला देते हुए उक्त महत्वपूर्ण और बेशकीमती जमीन की विभाग के पोर्टल में दर्ज करने के निर्देश दिए है। इसके पीछे शासन की नियत जमीन को ओने पौने दामों में बेचने की है, जबकि उक्त भूमि पर चौपाटी लगने के बाद एक दशक से करीब दो सौ अधिक लोग छोटा मोटा व्यापार के लिए रेहड़ी, पटरी, चाट, फूलमाला, सब्जी, फल, फूल सहित अनेक मेहनतकश कार्य करके परिवार चला रहे है। उक्त भूमि के विक्रय करने से जहां सैकड़ों जरूरतमंद परिवारों पर रोजी रोटी का संकट आएगा, वहीं शहर के भीतर आमजनों के बाजार पंहुचने और बरामद के लिए उपलब्ध एक मात्र स्थान भी छिन जाएगा। श्री मिश्र ने कहा है कि यदि सरकार अपने मंसूबो में कामयाब होती है तो फारेस्टर प्ले ग्राउंड, जनपद परिसर, साधूराम स्कूल सहित सभी बेशकीमती सरकारी जमीनों को ठिकाने लगाने की दिशा में कदम उठा सकती है। ऐसे में सरकार के मंसूबों को नाकाम करने जनहित में हर स्तर पर लड़ाई लड़ी जाएगी व धरना दिया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान मुख्य रूप से मुड़वारा अध्यक्ष शुभम मिश्रा, तिलक कालेज अध्यक्ष अजय खतीक, तुषार पंजवानी, रोहित भोजवानी, आशीष चतुर्वेदी, प्रवक्ता विकास दुबे, अभिषेक प्यासी, श्रेय पांडेय, विपिन तिवारी, सौरभ पांडेय, निखिल उपाध्याय, सौरभ दुबे, अभिलेख कुंडे, साहिल राजा, सौरभ रजक, आशीर्वाद रजक, लकी दुबे सहित अन्य साथी उपस्थित रहे।

### चौपाटी की जमीन फॉरेस्टर प्लेग्राउण्ड का हिस्सा : गोपाल शर्मा

वरिष्ठ खिलाड़ी गोपाल शर्मा ने बताया कि ये तथ्य सही नहीं है। चौपाटी की जमीन फारेस्टर खेल मैदान की भूमि है, जो पूर्व महापौर श्रीमति निर्मला पाठक के कार्यकाल में साधूराम स्कूल से चौपाटी हटाने के लिए नगर निगम में खिलाड़ियों के साथ बैठक के बाद 2 वर्ष के लिए चौपाटी के लिए दी गई थी। ये भूमि कभी भी राज्य परिवहन के आधिपत्य में नहीं रही। राज्य परिवहन के पास चौपाटी से लगी उनके डिपो की भूमि जिनमे नगर निगम वर्तमान में वाहन स्टैंड के नाम पर कब्जा किये हुए है और उनके कार्यालय की भूमि मात्र थी, जहां पर चौपाटी वर्तमान में है। वहां पर 66 झुग्गी झोपड़ियां एवं कजलियां तलैया थी। जिन्हें फारेस्टर खेल मैदान के विकास के लिए नगर निगम के तात्कालिक प्रशासक संजय बंदोपाध्याय के कार्यकाल में उनके मार्गदर्शन में खिलाड़ियों के सम्मिलित प्रयास से फारेस्टर खेल मैदान विकास समिति के बैनर से खाली खाली कराया गया था। जनसहयोग से इसका विकास किया गया था। इसके लिए बड़ा जन आंदोलन हुआ था। सच ये है कि राज्य परिवहन डिपो सहित ये सम्पूर्ण भूमि खेल मैदान के लिए फारेस्टर साहब ने दान में दी थी। कालांतर में साहबों ने पूरी भूमि नजूल मध्यप्रदेश सरकार के नाम दर्ज कर ली। ये कैसे हुआ, ये अज्ञात है। जो जांच से सामने आएगा। अंदर वाले हॉकी ग्राउंड के केयर टेकर के रूप में नगर निगम कटनी दर्ज हो गया। बाकी भूमि में सब्जी मंडी, प्राइवेट बस स्टेंड, मेकेनिक वर्कशॉप थे, जो धीरे-धीरे वहां से खाली कराए गए। कुछ हिस्से में झुग्गी झोपड़ी थी। इसी भूमि से कुछ हिस्सा राज्य परिवहन को लीज में दे दिया गया। चौपाटी वाली भूमि और वर्तमान क्रिकेट मैदान की भूमि का बाद में विकास हुआ। ये हिस्सा कभी भी राज्य परिवहन के पास नही रहा।

**कार्यालय, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग परियोजना खण्ड कटनी**

क्रमांक/1752/का.यं./नि.प्र.को./लो.स्वा.यां./परि.खण्ड/21 कटनी, दिनांक 03.06.2021

**निविदा आमंत्रण**

**सूचना क्रमांक 08.09/2021-22**

ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल http://www.mptender.gov.in पर कटनी जिले के विभिन्न विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत आर.सी.सी. ओवर हैड टैंक निर्माण, सी.सी. सम्पवेल निर्माण मोटर पंप स्थापना, पंपहाउस/सम्पवेल निर्माण, पाईप लाईन बिछाने का कार्य, घर-घर कनेक्शन एवं योजना का 90 दिन ट्रायलरन सफल संचालन एवं संधारण कार्य हेतु निम्नानुसार आमंत्रित है।

| निविदा क्रमांक | सिस्टम निविदा क्रं. | विकास-खंड | ग्राम की संख्या | निविदा की कुल लागत | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 08/21_22 | 2021_PHED_144288 | Katni | 4 | 170.07 | 170070 | 12500 | 6 माह | Registered under M.P. PWD New Centralized Registration Scheme |
| 09/21_22 | 2021_PHED_144287 | Katni | 6 | 301.84 | 301840 | 15000 | 6 माह | |

ऑन लाईन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि - 21.06.2021 18.00 बजे
ऑन लाईन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि - 21.06.2021 18.00 बजे
ऑन लाईन निविदा दर खोलने की तिथि - 23.06.2021 12.00 बजे
निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाईट पर (Online System) क्रेडिट कार्ड या ऑनलाईन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते है। निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शाई गई वेबसाईट पर देखें।

जी-13109/21

कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग,
परियोजना खण्ड कटनी, फोन नं. 07622-225752

**श्रीराम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
आदर्श कॉलोनी, मेन रोड, नई बस्ती, कटनी 483501 (म.प्र.)
फोन : 07622-408444, 409444 मोबा. 8982275111, 8982275222, 8982275333

प्रतिदिन उपलब्ध
**डॉ. बलदेव सिंह**
MD (GENERAL MEDICINE) फैमली फिजीशियन
पूर्व चिकित्सक अपोलो हॉस्पिटल
हृदय, छाती, गुर्दा एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ

प्रतिदिन उपलब्ध
**डॉ. गगन सोनी**
BDS डेंटल सर्जन
कटनी के सुप्रसिद्ध
दंत एवं मुख रोग विशेषज्ञ

डॉ. अनुराग खरे
डॉ. कनिका अग्रवाल
डॉ. आबिद हुसैन
डॉ. अनिमेष गुप्ता
24x7 एम्बुलेंस वेटिंग पार्किंग

उपलब्ध विभाग — हेल्पलाईन नं.8982275111 — उपलब्ध सुविधायें
- मेडीसिन विभाग
- हृदय रोग विभाग
- स्त्री एवं प्रसूति विभाग
- दंत रोग विभाग
- हड्डी रोग विभाग
- त्वचा एवं सौंदर्य विभाग
- शिशु रोग विभाग
- मस्तिष्क रोग विभाग
- ट्रामा विभाग
- कैंसर विभाग
- फिजियोथेरेपी विभाग
- प्लास्टिक एंड कॉस्मेटिक सर्जरी
- नार्मल डिलेवरी
- सीजेरियन डिलेवरी
- लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- जनरल सर्जरी
- आई.सी.यू. वार्ड
- सेमी. प्रायवेट वार्ड
- जनरल वार्ड
- मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर
- हेयर ट्रांसप्लांट

सभी प्रकार की सर्जरी एवं भर्ती की सुविधा उपलब्ध
भर्ती मरीजों के लिए निःशुल्क भोजन की व्यवस्था

## दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी को मिला स्वच्छता निरीक्षक का प्रभार

### शहर कांग्रेस ने किया विरोध

**कटनी।**

जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मिथलेश जैन एडवोकेट ने नगर निगम द्वारा काले कारनामे किए जाने का आरोप लगाते हुए कहा है कि नगर निगम में स्वच्छता निरीक्षक का प्रभार एक दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी को दे दिया गया है। नियमानुसार स्वच्छता निरीक्षक का कार्य विशेषज्ञता का होता है और स्वच्छता निरीक्षक के कार्य हेतु मध्य प्रदेश शासन के नगरीय प्रशासन व विकास विभाग के अंतर्गत स्वच्छता निरीक्षक का डिप्लोमा हासिल करना आवश्यक होता है, लेकिन नगर निगम में कुछ भी संभव है और दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी को, जिसे कभी भी किसी भी समय मस्टररोल से अलग किया जा सकता है। ऐसे व्यक्ति को स्वच्छता निरीक्षक जैसे महत्वपूर्ण पद का प्रभार दिया जाना नगर निगम की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिन्ह लगाता है। जिस व्यक्ति को स्वच्छता निरीक्षक का प्रभार दिया गया है उसे पूर्व में सूचना का अधिकार से संबंधित अधिकार भी दिए जा चुके है। यदि यही कार्य प्रणाली अपनाई जानी है तो नगर निगम में सहायक आयुक्त, अधीक्षण यंत्री, उपयंत्री से लेकर अनेक महत्वपूर्ण पद खाली हैं, उन सभी पदों पर दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की नियुक्ति कर दी जावे तो उनका भी भला हो जाएगा।

# बड़वारा स्वास्थ्य केन्द्र में होगा सुविधाओं का विस्तार





### विधायक और कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

**कटनी।** बड़वारा विधायक विजयराघवेन्द्र सिंह और कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने स्वास्थ्य केन्द्र में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं और उसके विस्तारी करण के संबंध में भी चर्चा की।

स्वास्थ्य केन्द्र परिसर का विजिट कर केन्द्र में उपलब्ध ऑक्सीजन युक्त बैड्स का निरीक्षण विधायक श्री सिंह और कलेक्टर श्री मिश्रा ने किया। इसके साथ ही वेक्सीनेशन सेन्टर, प्रसव कक्ष, ऑपरेशन थियेटर के संबंध में जानकारी बीएमओ से ली। परिसर के विजिट के दौरान कलेक्टर श्री मिश्रा विस्तारी करण के लिये प्रस्ताव तैयार कर शीघ्र भेजने के निर्देश बीएमओ को दिये। उन्होने कहा कि स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में आवश्यकता अनुसार शेड निर्माण, सीबीसी मशीन, डिजिटल एक्सरे मशीन के लिये भी प्रस्ताव तैयार कर भेजें। इस दौरान एम्बुलेन्स और एक्सरे मशीन की उपलब्धता को लेकर भी विधायक श्री सिंह से कलेक्टर ने चर्चा की। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बड़वारा के निरीक्षण के दौरान मानव जीवन विकास समिति एनजीओ द्वारा जिला प्रशासन के लिये एक ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर मशीन भी कलेक्टर प्रियंक मिश्रा को सौंपी।

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

# नगरीय क्षेत्र में मुआवजे का प्रावधान नहीं:कमिश्नर

## खिरहनी ओव्हर ब्रिज से जुहला रपटा तक सड़क उन्नयन के लिए भूस्वामियों के साथ बैठक

कटनी। मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना के द्वितीय चरण के अन्तर्गत खिरहनी ओव्हर ब्रिज से जुहला रपटा तक सड़क उन्नयन कार्य के अन्तर्गत सड़क में आने वाले अवरोधों को दूर कराने के लिए आवश्यक विचार विमर्श हेतु आयुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे की उपस्थिति में अतिक्रमित भूमियों के भूमिस्वामियों के साथ नगर निगम कार्यालय परिसर में सायंकाल 4 बजे से आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान निगमायुक्त श्री धाकरे ने उपस्थित भूस्वामियों से चर्चा की जाकर उपकी समस्याओं को सुना। मुआवजा प्रदान किये जाने की बात पर नियमों की जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि नगरीय क्षेत्र में मुआवजे का प्रावधान नहीं है। उसके बदले में एफआर में छूट प्रदान की जा सकती है। जिसका लाभ नियमानुसार दिया जावेगा, एफएआर को आप अपनी सुविधानुसार अन्य किसी भूस्वामी को विक्रय भी कर सकते है।



निगमायुक्त ने बैठक के दौरान उपस्थित भूस्वामियों से कहा कि शहर का विकास सभी के साथ मिलकर होता है। कलेक्टर की भी यही मंशा है कि सभी को साथ लेकर ही स्थल पर अच्छे से अच्छा विकास कार्य करें। स्थल पर विकास होनें से उसका लाभ सभी को मिलेगा, मार्ग चौडा होनें से आवागमन सुचारू होने साथ- साथ दुर्धटना की संभावना भी कम होगी। सभी सहमति के आधार पर ही आगामी निर्णय लिया जावेगा।

मुख्यमंत्री अधोसंरचना फेस-3 में नगर में और भी विकास कार्य किये जाने है। सहमति नहीं मिलने से विकास कार्य प्रभावित होंगे।

निगायुक्त ने बताया कि विकास कार्य हेतु अधिकांश लोगों नें सहमती प्रदान कर दी है। कुछ स्थलों को छोडकर शेष स्थलों में विकास कार्य नहीं करना चाहते, शेष लोग भी नगर हित में शीध्र विचार कर सहमति प्रदान करें ताकि स्थल का एकरूपता से अच्छे से अच्छा विकास किराया जा सके। बैठक के दौरान प्रभारी कार्यपालन यंत्री राकेश शर्मा, सहायक यंत्री सुनील सिंह सहित भूमिस्वामी आशीष कुमार द्विवेदी, हरिनारायण गर्ग, संतोष कुमार दुबे, श्रीमति हबीबा खातून शेख मुस्ताक, रामसहाय दुबे, श्याम गुप्ता, अशोक कुमार दुबे, टिल्लू सिंघानिया, रविकांत बजाज, प्रवीण बजाज, रीतेश गुप्ता, सुदर्शन स्वर्णकार, अमन सिंह ठाकुर, मोहम्मद फारूख, रजनीश पटैल, संजय गुप्ता, सर्वेश श्रीवास्तव, मुकेश अग्रवाल सहित अन्य जनों की उपस्थिति रही।

# 9 केन्द्रों पर लग रहा कोविड-19 का टीका



कटनी। कोविड-19 टीकाकरण के अंतर्गत 45 वर्ष से अधिक उम्र के सभी व्यक्तियों का 1 अप्रैल से टीकाकरण किया जा रहा है। आज 9 जून को जिले में शासकीय एवं निजी क्षेत्र की 9 स्वास्थ्य संस्थाओं में कोविड-19 टीकाकरण सत्र आयोजित किये गए हैं। शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में टीकाकरण निःशुल्क किया जा रहा है। कटनी शहरी क्षेत्र के टीकाकरण केन्द्रों की जानकारी देते हुये जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने बताया कि कटनी अर्बन क्षेत्र में पुरानी कचहरी परिसर, झूलेलाल सेवा मण्डल माधवनगर में टीकाकरण किया जा रहा है, इसके साथ ही जिला अस्पताल अंतर्गत पुरानी कचहरी परिसर में को-वेक्सीन के दूसरे डोज का भी टीकाकरण किया जायेगा। इसी तरह सीएचसी बड़वारा, सीएचसी बहोरीबंद, सीएससी उमरियापान, पीएचसी कन्हवारा, सीएचसी रीठी, सिविल हॉस्पिटल विजयराघवगढ़ और सीएचसी बरही में भी वैक्सीनेशन किया जा रहा है।

## 18 से 44 आयुवर्ग के लिए 24 स्थानों पर वेक्सीनेशन

जिले में आज 9 जून को 18 से 44 आयु वर्ग लोगों के लिये वेक्सीनेशन 24 केन्द्र निर्धारित किये गये हैं। जिला टीकाकरण अधिकारी ने बताया कि 9 जून को पुरानी कचहरी परिसर, सनातन धर्म पंजाबी मण्डी माता मंदिर माधवनगर, रेल्वे स्कूल एनकेजे, सेवा भारती सरस्वती स्कूल दई बस्ती, तिलक कॉलेज, आयुध निर्माणी, एसीसी हॉस्पिटल, सिविल अस्पताल विजयराघवगढ़, सीएचसी बड़वारा, सीएचसी बहोरीबंद, सीएचसी उमरियापान, पीएचसी कछारगांव, पीएचसी कन्हवारा, सीएचसी पहाड़ी, सीएचसी रीठी, सीएचसी बिलहरी, सीएचसी बरही, सीएचसी सिनगौड़ी, सीएचसी कैमोर, पीएचसी बाकल, पीएचसी स्लीमनाबाद, पीएचसी तेवरी, एसएचसी खितौली और पीएचसी बसाड़ी में भी शनिवार को 18 से 44 आयुवर्ग के लिये कोविड-19 वेक्सीनेशन किया जायेगा। इसके लिये सभी स्लॉट बुक हो चुके हैं। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सिंघई ने कहा कि जिन लोगों ने 9 जून के लिये अपने स्लॉट ऑनलाईन बुक किये हैं, कृपया वे सभी अपने निर्धारित समय में वेक्सीनेशन के लिये टीकाकरण केन्द्र पर जरुर पहुंचे और वेक्सीन लगवायें।

# करों के अधिभार में मिलेगी 100 प्रतिशत तक की छूट

## 31 जुलाई तक कर जमा करने पर अप्रैल से जून तक का नहीं लगेगा अधिभार

कटनी। कोविड-19 संक्रमण की रोकथाम के दृष्टिगत प्रदेश के अधिकांश जिलो में अप्रैल और मई में कोरोना कर्फ्यू व विभिन्न प्रकार के प्रतिबंध लगाए गए हैं। इसके कारण प्रदेश के शहरों में निवासरत नागरिकों को नगरीय निकायों के विभिन्न करों एवं उपभोक्ता प्रभार आदि का भुगतान समय पर करने में कठिनाई हुई है और इसके परिणामस्वरूप उक्त करों एवं उपभोक्ता प्रभारों पर अधिभार (सरचार्ज) आदि देय हो गए हैं। नागरिकों के हितों को दृष्टिगत रखते हुए राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि ऐसे नागरिक जो 31 जुलाई तक नगरीय निकायों को कर एवं उपभोक्ता प्रभार आदि का भुगतान करेंगे, उन्हें 3 माह अप्रैल से जून तक की अवधि के अधिभार (सरचार्ज) नहीं देने होंगे। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने बताया है कि वैश्विक महामारी कोरोना के कारण रोजगार-धंधे सहित अन्य क्षेत्रों में आयी गिरावट के कारण नागरिकों द्वारा नगरीय निकायों के करों एवं उपभोक्ता प्रभारों के भुगतान में कठिनाई महसूस की जा रही है। उन्होंने कहा है कि इन परिस्थितियों के मद्देनजर विभिन्न करों के अधिभार में छूट देने का निर्णय लिया गया है। श्री सिंह ने बताया है कि कोरोना की प्रथम लहर के दौरान भी इस तरह की छूट नागरिकों को दी गयी थी। संपत्तिकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 50 हजार रूपये तक बकाया होगी उनमें मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट मिलेगी। संपत्तिकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि एक लाख रूपये तक बकाया होगी उनमें मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत और संपत्तिकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि एक लाख रूपये से अधिक बकाया होगी उनमें मात्र अधिभार में 25 प्रतिशत की छूट मिलेगी। नगरीय निकायों द्वारा व्ययन की गयी परिसंपत्तियों के भू-भाटक/किराये के ऐसे प्रकरण जिनमें अधिभार सहित कुल देय राशि 20 हजार रूपये तक बकाया होगी उनमें मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट, नगरीय निकायों द्वारा व्ययन की गयी परिसंपत्तियों के भू-भाटक/किराये के ऐसे प्रकरण जिनमें अधिभार सहित कुल देय राशि 20 हजार से 50 हजार रूपये तक बकाया होगी उनमें मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत और नगरीय निकायों द्वारा व्ययन की गयी परिसंपत्तियों के भू-भाटक/किराये के ऐसे प्रकरण जिनमें अधिभार सहित कुल देय राशि 50 हजार से अधिक बकाया होगी उनमें मात्र अधिभार में 25 प्रतिशत की छूट मिलेगी।



### जल कर के अधिभार में भी मिलेगी राहत

जल उपभोक्ता प्रभार/जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 10 हजार रूपये तक बकाया होगी उनमें मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट, जल उपभोक्ता प्रभार/जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 10 हजार से अधिक तथा 50 हजार तक बकाया होगी उनमें मात्र अधिभार में 75 प्रतिशत की छूट और जल उपभोक्ता प्रभार/जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 50 हजार से अधिक बकाया होगी उनमें मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट दी जायेगी। छूट ऐसे करदाता/नागरिकों को प्राप्त होगी जो 31 अगस्त 2021 तक लंबित देय राशि का भुगतान करेंगे। यह छूट मात्र अधिभार पर लागू होगी तथा ब्याज, स्टॉम्प ड्यूटी, मूल कर, मूल उपभोक्ता प्रभार अथवा मूल भू-भाटक/किराये पर लागू नहीं होगी।





# चिन्हित स्थलों से व्यवसायिक गतिविधियों के संचालन के प्रयास

कटनी। निगम के गठित अमले द्वारा जिला प्रशासन के निर्देशन में रोजाना निर्धारित समय से सब्जी/फल मंडियों एवं अन्य व्यवसायिक गतिविधयों के नियमानुसार संचालन करानें की कार्यवाही की जा रही है। प्रभारी आयुक्त अशफाक परवेज कुरैशी के निर्देशन में निगम के गठित अमले द्वारा विगत दिवस द्वितीय पाली में नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों थाना कोतवाली, गोल बाजार, रामलीला मैदान, बिलैया तलैया सब्जी मंडी, माधवनगर मेन सब्जी मंडी सहित अन्य स्थलों का निरंतर निरीक्षण किया जाकर चिन्हित स्थलों से ही सब्जी फल का व्यवसाय संचालित कराने के प्रयास किये गए। अतिक्रमण दल एवं गठित अमले द्वारा आदेशों के परिपालन में निर्धारित समय शाम 6 बजे फल एवं सब्जी मंडी के स्थलों को खाली कराया जाकर नगर के चिन्हित विभिन्न मार्गो की दुकानों, प्रतिष्ठानों, फर्म की व्यवसायिक गतिविधियों को बंद करानें की कार्यवाही की गई।

अतिक्रमण अधिकारी नें जानकारी देते हुए बताया कि नगर में सब्जी फल क्रय-विक्रय हेतु चिन्हित स्थलों से ही व्यवसाय कराकर संक्रमण के प्रसार पर नियंत्रण लगाने हेतु निगम के अतिक्रमण अमले द्वारा आज प्रातः नगर निरीक्षण के दौरान उपनगरीय क्षेत्र चावला चौक में लगे फल एवं सब्जी के ठेलों एवं बरगवां एल.आई.सी ऑफिस के बाजू से खडे फुटकर सब्जी विक्रेताओं को चिन्हित स्थलों में भेजकर व्यवसायिक गतिविधियों के संचालन की कार्यवाही की गई। गठित अमले द्वारा नगर के विभिन्न मार्गो की चिन्हित दुकानों से निर्धारित दिवसों में ही सोशल डिस्टेंसिंग के साथ व्यवसायिक गतिविधियों के संचालन, ओदशों के अवहेलना करनें पर जुर्मानें आदि की कार्यवाही निरंतर जारी रखी जाकर संक्रमण के प्रसार को रोकनें के प्रयास किये जा रहे है। निगम प्रशासन द्वारा नगारिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए रोजाना सब्जी मंडी परिसरों की साफ- सफाई, टेंकरों के माध्यम से पेयजल की व्यवस्था कराई जाकर कचरे के उठाव के साथ ही अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति रोजाना कराई जाकर स्थल पर उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा नागरिकों को मास्क लगानें एवं सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए ही फल सब्जी क्रय-विक्रय की कार्यवाही कराई जा रही है।

# संबल योजना में होगा तेन्दूपत्ता संग्राहकों का पंजीयन




कटनी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा हाल ही में की गई घोषणा को अमल में लाने के लिए तेन्दूपत्ता संग्राहकों का संबल योजना में पंजीयन प्रारंभ हो गया है। इस संबंध में श्रम विभाग द्वारा समस्त संभागायुक्त, जिला कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत और वन मण्डल अधिकारियों को निर्देश जारी किये गये है। उप सचिव, श्रम श्री छोटे सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री जन-कल्याण योजना में असंगठित श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जा रही है। योजना में प्रदेशव्यापी अभियान चलाकर असंगठित श्रमिकों के नियोजन की 36 श्रेणियों में पंजीयन किया गया था। मुख्यमंत्री श्री चौहान की घोषणा के परिपालन तेन्दूपत्ता संग्राहकों का संबल योजना में पंजीयन की कार्यवाही शुरू की गई है। इसमें नवीन पंजीयन के लिए ई-केवायसी (आधार अभिप्रमाणन) की बाध्यता सभी तेन्दूपत्ता संग्राहक श्रमिक के पंजीयन के लिये शिथिल की गई है। प्रदेश में मुख्यमंत्री जन-कल्याण (संबल) योजना के अन्तर्गत पंजीयन प्राधिकारी तेन्दूपत्ता संग्रहण के कार्य में संलग्न ऐसे समस्त पात्र असंगठित श्रमिकों के पंजीयन हेतु पात्रता बावत समस्त तथ्यों का सत्यापन करते हुए पंजीयन की कार्यवाही की जाएगी।

# सफाई व्यवस्था में जुटे स्वच्छता दूत

कटनी। नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था के रोजाना प्रयास किये जा रहे है। निगम के स्वच्छता दूतों द्वारा नगर के बाजार क्षेत्रों व रहवासी क्षेत्रों के मुख्य मार्गो एवं अन्य गलियों की दो पालियों मे सफाई कराई जाकर कचरे के उठाव कार्य के साथ ही डोर टू डोर कचरे का संग्रहण व सोडियम हाईपोक्लोराइड के घोल से सैनेटाइजेशन का कार्य किया जाकर नगर को साफ एवं संक्रमण मुक्त रखनें की कार्यवाही की जा रही है। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि निगम के स्वच्छता दूतों के माध्यम से विगत रात्रि उपनगरीय क्षेत्रों के मुख्य एवं अन्य मार्गो की सफाई सहित आज प्रातःकालीन सफाई व्यवस्था के माध्यम से ट्रांसपोर्टनगर थोक सब्जी मंडी सहित नगर की अन्य चिन्हित सब्जी एवं फल मंडी परिसरों की सफाई बस स्टेण्ड परिसर, मिशन चौक, रधुनाथ गंज वार्ड स्थित घंटाघर, वीर सावरकर वार्ड स्थित आधारकाप में विभिन्न स्थलों की सफाई बी.डी अग्रवाल वार्ड में मर्चूमल गली की सफाई का कार्य, बाल गंगाधर तिलक वार्ड स्थित गल्ला मंडी के आगे, इंदिरा गांधी वार्ड की विभिन्न गलियों से डोर टू डोर कचरे के संग्रहण, कावस जी वार्ड भट्टा मोहल्ला क्षेत्र के मुख्य मार्गो नगर के मुख्य मार्गो के डिवाईडर की सफाई व्यवस्था के तहत गौशाला से कुठला थाना व सब्जी मंडी पुल के पास दौनों ओर सफाई कराई जाकर कचरे के उठाव का कार्य किया गया। वर्षा पूर्व नाले नालियों की सफाई अभियान के तहत निगम के स्वच्छता दूतों द्वारा महात्मा गांधी वार्ड में गांधी गंज एवं अन्य विभिन्न स्थलों के नाले, राम जानकी हनुमान वार्ड की विभिन्न गलियों की नाली, रधुनाथ गंज वार्ड स्थित बजाज पैथेलाजी गली, महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड स्थित सिविल लाईन की नालियों की सफाई उपरान्त कचरे के उठाव का कार्य, मदन मोहन चौबे वार्ड स्थित बजाज एजेंसी के सामनें दुर्गा मंदिर के पास, कावस जी वार्ड में बालकिशन एवं सुजीत वंशकार के घर के पास एवं वंशकार बस्ती की नालियों की सफाई फारेस्टर वार्ड स्थित शास्त्री चौक से भीमराव चौक तक की नालियों, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड इलाहाबाद बेंक के पीछे नाले की सफाई माधवनगर स्थित सेवन इलेवन के बडे नाले सहित नगर के अन्य स्थलों के नाले नालियों की सफाई का कार्य कराया गया।

# गलियों में सोडियम हाईपोक्लोराइड घोल से किया गया सैनेटाईजेशन



कटनी। निगम प्रशासन के सैनेटाइजेशन अमले द्वारा नगर के विभिन्न रहवासी/सार्वजनिक में रोजाना सोडियम हाईपोक्लोराईड के घोल से छिडकाव किया जा रहा है। सैनेटाईजर प्रभारी पंकज निगम ने जानकारी देते हुए बताया कि संक्रमण के प्रसार को समाप्त करनें हेतु हेतु आज जारी अभियान के तहत नगर के विभिन्न स्थलों सायना कोविड केयर, पंजाबी धर्मशाला, उपकार्यालय माधवनगर, उपस्वास्थ्य केन्द्र माधवनगर, उपपंजीयक कार्यालय परिसर, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित हनुमान जी के मंदिर के पीछे स्थित मार्केट, पार्क के पछे वाली गली सहित अन्य गलियों, रामृष्ण परमहंस वार्ड स्थित मंगलनगर के विभिनन स्थलों में सोडियम हाईपोक्लोराईड के घोल का छिडकाव का किया जाकर संक्रमण के प्रसार पर नियंत्रण के प्रयास किये गए।

## किराये से देना है

सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)

## एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग

Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com
जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ
विशेषतायें
डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षो में BSc. नर्सिंग करें।

| क. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC
छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण
मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र. मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

# चित्रकूट एक्सप्रेस कल से और 11 जून से चलेगी इटारसी-प्रयागराज (छिवकी) पैसेंजर

## पमरे पुन: शुरू कर रहा 8 जोड़े ट्रेनों का परिचालन, जबलपुर से ओवर नाइट एक्सप्रेस को भी मिली हरी झंडी

कटनी। कटनी से प्रयागराज(छिवकी) और लखनऊ सहित जबलपुर होते हुए इंदौर जाने वाले यात्रियों के लिए राहत भरी खबर है। रेलवे ने इस रूट पर चलने वाली सबसे महत्वपूर्ण ट्रेनों को कोरोना काल के दौरान बंद कर दिया था, जिन्हे फिर से चलाया जा रहा है। 10 जून से जबलपुर से इंदौर के लिए ओवरनाइट और जबलपुर-लखनऊ के बीच कटनी होते हुए चित्रकूट एक्सप्रेस चलेगी जबकि 11 जून से इटारसी से प्रयागराज(छिवकी) के बीच कटनी होकर पैसेंजर ट्रेन पुन: शुरू होगी। जबलपुर रेल मंडल ने इन ट्रेनों को चलाने के लिए पश्चिम मध्य रेलवे जोन के माध्यम से रेलवे बोर्ड से स्वीकृति मांगी थी। जिसे बोर्ड ने मान लिया है। मंडल ने इन तीनों ट्रेनों को चलाने से जुटी सभी तैयारी पूरी कर ली है। इतना ही नहीं ट्रेन के समय और रूट में भी कोई बदलाव नहीं किया गया है।



### पूर्व निर्धारित समय पर चलेंगी ट्रेनें

पश्चिम मध्य रेलवे ने आठ जोड़ी यात्री ट्रेनों को 10 जून से चलाने का निर्णय लिया है। इन ट्रेनों में जबलपुर मंडल से चलने वाली तीन जोड़ी यात्री गाड़ियां भी शामिल हैं। ये तीनों ट्रेनें अपने पूर्व निर्धारित समय पर ही चलेंगी। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विश्वरंजन ने बताया कि गाड़ी संख्या 01117 इटारसी से प्रयागराज छिवकी 11 जून व वापसी में गाड़ी संख्या 01118 प्रयागराज छिवकी से इटारसी 12 जून से चलेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 02292 जबलपुर से इंदौर ओवर नाइट एक्सप्रेस 10 जून से और वापसी में गाड़ी संख्या 02291 इंदौर से जबलपुर ओवर नाइट एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 11 जून से चलेगी। इसके अलावा गाड़ी संख्या 05205 लखनऊ से जबलपुर चित्रकूट एक्सप्रेस 11 जून से और वापसी में गाड़ी संख्या 05295 जबलपुर से लखनऊ चित्रकूट एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 12 जून से चलेगी।

### तीनों इंटरसिटी एक्सप्रेस के लिए करना होगा इंतजार

जबलपुर मंडल ने रेलवे बोर्ड से लगभग आधा दर्जन ट्रेनों को चलाने की स्वीकृति मांगी थी। जिसमें ओवरनाइट एक्सप्रेस, चित्रकूट एक्सप्रेस के अलावा जबलपुर-रीवा इंटरसिटी, जबलपुर-सिंगरौली इंटरसिटी और जबलपुर-अंबिकापुर इंटरसिटी व इटारसी-प्रयागराज(छिवकी) पैसेंजर ट्रेन शामिल है। हालांकि बोर्ड ने फिलहाल तीन ट्रेनों को ही चलाने की स्वीकृति दी है। शेष तीन ट्रेनों को लेकर अभी भी बोर्ड ने हामी नहीं भरी है। हालांकि तीनों इंटरसिटी को चलाने का अभी निर्णय नहीं लिया है। इसके लिए अभी यात्रियों को और इंतजार करना होगा।

# सहेलियों पर चाकू से जानलेवा हमला

### अमीरगंज के चांदमारी मोहल्ले में खोया मोबाइल मांगने पर वारदात

**कटनी।** माधवनगर थाना अंतर्गत अमीरगंज के चांदमारी मोहल्ले मोबाइल के विवाद पर हमउम्र सहेलियों पर चाकू से जानलेवा हमले की घटना प्रकाश में आई है। पुलिस ने आरोपी युवक के विरूद्ध मामला दर्ज करते हुए उसकी तलाश शुरू कर दी है। इस संबंध में जानकारी देते हुए उपनिरीक्षक धनजंय पांडे ने बताया कि चांदमारी मोहल्ला निवासी सुनीता कोल नामक महिला का मोबाइल खो गया था। खोजबीन करने पर पता चला कि उसका मोबाइल मोहल्ले के ही मनोज केवट नामक युवक के पास है। जानकारी लगने के बाद सुनीता अपनी हमउम्र सहेली लक्ष्मी कोल के साथ मनोज केवट के यहां मोबाइल लेने के लिए गई तो मनोज ने आक्रोशित होकर सुनीता व लक्ष्मी पर चाकू से जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। हमले में सुनीता की हालत गंभीर होने के कारण जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है जबकि लक्ष्मी को प्रारंभिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने आरोपी मनोज केवट के विरूद्ध धारा 307, 324, 294 व 3(1)द, 3(1)ध, 3(2)(अ) एससी, एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# सो रहे युवक पर धारदार हथियार से हमला

### शराब बेचने से मना करने पर देवरीफाटक में घटना

**कटनी।** रीठी थाना अंतर्गत देवरी फाटक क्षेत्र में बीती रात अवैध शराब बेचने से मना करने पर धारदार हथियार से युवक पर हमला कर लहूलुहान करने का मामला सामने आया है। घटना रात 2 बजे की बताई जा रही है। थाना प्रभारी रोहित यादव का कहना है कि पुलिस ने मारपीट का मामला दर्ज किया है। घायल के परिजनों ने बताया कि लॉकडाउन शुरू होने के बाद से कुछ लोग देवरी के आवास टोला स्थित सपेरों के घर के बाहर आकर रात में अवैध रूप से शराब बेचते थे। जिससे गांव में अशांति का माहौल एवं लड़ाई-झगड़े अक्सर होते रहते हैं। ऐसा ही बीती रात को हुआ लेकिन शराब बेच रहे लोगों को घर की बच्ची के द्वारा मना करने पर दो तीन युवक गाली गलौज करते हुए घर में घुसकर सो रहे 25 वर्षीय मेहमान रवि सपेरा पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रीठी लाया गया। जहां से उसे गहन उपचार के लिए जिला चिकित्सालय रिफर कर दिया गया है। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध मामला दर्ज करते हुए उनकी तलाश शुरू कर दी है।



नर्मदा नहर से पानी लाने सात साल में बने तीन बड़े प्रस्ताव, अब तक नहीं पहुंच पाया पानी, कई वार्ड के लोग पेयजल को लेकर हैं परेशान

# सात दिनों में नहीं गिरा पानी तो गहरा जाएगा जल संकट

## 268 इंच खाली हुआ कटाएघाट बैराज लगातार कम हो रही पेयजल आपूर्ति


कटनी। शहर की जीवनदायनी कटनी नदी पर 360 इंच की क्षमता वाला बैराज 268 इंच खाली हो चुका है। एक सप्ताह में यदि बारिश नहीं होती तो शहर में गंभीर जलसंकट की स्थिति निर्मित होगी। शहरवासियों को पानी सहेजकर रखना होगा, फिजूलखर्ची रोकनी होगी। गौरतलब है कि हर दिन लगभग 40 से 45 एमएलडी पानी की सप्लाई की जानी चाहिए लेकिन नगर निगम महज 18 एमएलडी पानी की दे पा रहा है। लोगों से दोनों समय पेयजल देने के नाम पर हर माह 190 रुपये जलकर वसूल किया जा रहा है। रॉ-वॉटर के सोर्स न होने की बात कहकर नगर निगम के अधिकारी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहे हैं। वहीं जनप्रतिनिधि भी इस गंभीर समस्या पर विशेष ध्यान नहीं दे रहे।

### पेयजल की बड़ी योजनाओं की सुस्त रफ्तार

2014 में नर्मदा नहर का पानी लाने प्रस्ताव बना है, जिसमें 5.2 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी आना है लेकिन टनल का काम पूरा न होने से अभी तीन वर्षों का लंबा इंतजार करना होगा। डेढ़ साल पहले नगर निगम ने 73 करोड़ रुपये की लागत से स्लीमनाबाद के पास से पाइप लाइन के माध्यम से पानी बैराज तक लाने की योजना बनाई है। अबतक शासन स्तर पर प्रस्ताव अटका है।

### कई क्षेत्रों में कम पानी सप्लाई

शहर के अमीरगंज, इंदिरा नगर, बालगंगाधर तिलक वार्ड, रामजानकी वार्ड, सावरकर वार्ड सहित उपनगरीय क्षेत्र सहित शहर में समस्या है। कहीं पर 15 मिनट तो कहीं पर 25 से 30 मिनट ही सप्लाई हो रही है। पुराने एनीकट में कोई सोर्स नहीं होने से डेड स्टोरेज व खदानों के पानी को फिल्टर कर काम चलाया जा रहा है। ननि ने घिनौंची सहित बाइपास के समीप बड़ी मशीनों से सफाई कराई है। जिसके बाद पानी बैराज पहुंचा और जल संकट को काफी हद तक कम किया गया है। लखेरा व अमीरगंज में टंकियों का निर्माण ठेकेदारों द्वारा समय पर नहीं कराया जा रहा। ननि द्वारा भी ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही। हर्ष पांडेय ने बताया कि समय पर टंकी निर्माण न होने से लखेरा क्षेत्र के लोगों को परेशानी है।



### शहर में पेयजल की स्थिति

-21 हजार 200 हैं कनेक्शनधानी।

-3 खदान विश्वकर्मा, कंचन, और चौबे वार्ड से ले रहे पानी।

-9 एमएलडी सोधन संयंत्र से 3 एमएलडी मिल रहा पानी।

-20 एमएलडी क्षमता के बड़े सोधन यंत्र से 13 एमएलडी आ रहा पानी।

-30 टंकियों में बैराज से पहुंच रहा पानी।

-150 ट्यूबवेल के माध्यम से पेयजल की हो रही सप्लाई।

अमृत योजना प्रोजेक्ट पर एक नजर

-24 करोड़ रुपये की योजना में चल रहा काम।

-117 किलोमीटर डलनी है पाइप लाइन।

-183 इंटर कनेक्शन में से 182 हुए पूरे।

-17 हजार में से 8 हजार हुए कनेक्शन।


### इनका कहना है

पहले पाइप लाइन से पानी लाने का प्रस्ताव बना है, अब इसकी जरूरत नहीं है। टनल से पानी मिल जाएगा तो 2023 तक समस्या हल हो जाएगी। पेयजल समस्या समाधान के लिए प्रयास किए जाएंगे।

**सत्येंद्र कुमार धाकरे, नगर निगम आयुक्त।**


## तीन दिन बाद भारी बारिश के आसार

# समय से पहले दस्तक दे सकता है मानसून



**कटनी।** अरब सागर के साथ ही बंगाल की खाड़ी में जबरदस्त हलचल के चलते मानसून के दस्तक देने की उलटी गिनती शुरू हो गई है। इसके तहत मानसून पूर्व की गतिविधियों में तेजी आ गई है। मौसम विभाग के मुताबिक मौजूदा स्थिति को देखते हुए दक्षिण-पश्चिम मानसून इस बार तय तारीख से पहले आमद दर्ज करा सकता है। उधर बंगाल की खाड़ी में 11 जून को एक कम दबाव का क्षेत्र बनने जा रहा है। इस सिस्टम के प्रभाव से 12 जून से जबलपुर संभाग के जिलों में भारी बरसात का दौर शुरू होने की संभावना है। मौसम विभाग ने बताया कि अरब सागर से आगे बढ़े मानसून ने उत्तर-पूर्व के कई राज्यों में उपस्थिति दर्ज करा दी। मानसून बंगाल की खाड़ी वाले हिस्से में बागडोगरा तक पहुंच गया है। अरब सागर क्षेत्र में में पश्चिमी और बंगाल की खाड़ी में तीव्र दक्षिण-पश्चिमी हवाएं चल रही हैं। इससे मानसून के लगातार आगे बढ़ने के लिए स्थितियां काफी अनुकूल बनी हुई हैं। अगले दो-तीन दिन में मानसून के महाराष्ट्र के शेष बचे हिस्सों को भी कवर करने आसार हैं। उधर बंगाल की खाड़ी में 11 जून को एक कम दबाव का क्षेत्र बनने जा रहा है। इस सिस्टम के आगे बढ़ते ही मानसून झारखंड, उड़ीसा, छत्तीसगढ़ के रास्ते आगे बढ़ने लगेगा। इस सिस्टम के असर से 12 जून से तेज बौछारें पड़ने का सिलसिला शुरू होने की संभावना है। विशेषकर जबलपुर संभाग के कटनी सहित अन्य जिलों में 12 से 15 जून तक कहीं-कहीं भारी वर्षा भी हो सकती है। विभाग ने बताया कि वर्तमान में असम, गुजरात में ऊपरी हवा के चक्रवात बने हुए हैं। साथ ही अरब सागर से भी लगातार नमी आ रही है। जिसके गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने का सिलसिला जारी हैं। इन गतिविधियों में और तेजी आने की संभावना है। विभाग के मुताबिक अरब सागर से बढ़े मानसून के तीन दिन के अंदर समूचे महाराष्ट्र में छा जाने की संभावना है। इस वजह से मानसून के मप्र में तय तारीख से पहले प्रवेश करने की भी पूरी संभावना है। मप्र में मानसून आने की तारीख 16 जून निर्धारित की गई है।

### पूर्वी उत्तरप्रदेश में बनी द्रोणिका



प्री-मानसून की दस्तक जिले में हो गई है। जिसका असर मंगलवार को देखने मिला। शहरी क्षेत्र सहित ग्रामीण इलाकों में जमकर बौछार पड़ी। बता दें कि अब जिले में छह दिनों तक प्री.मानसून गर्मी से राहत देगा। 9 जून से लेकर 14 जून तक तेज बारिश होने की संभावना है। तेज हवाओं के साथ बारिश होगी। कृषि मौसम वैज्ञानिक संदीप कुमार चंद्रवंशी के अनुसार प्री.मानसून महाराष्ट्र में आ गया है। जिसका असर यहां देखा जा रहा है। प्री.मानसून की बारिश प्रदेश के पश्चिम भाग के बाद पूर्वी भाग में हो रही है। पांच दिनों में लगातार बारिश हो रही है। कृषि मौसम वैज्ञानिक के अनुसार मानूसन दो दिन में मुंबई के आसपास पहुंचने का अनुमान है। कम दबाव का क्षेत्र बंगाल की खाड़ी में बना हैए 11 जून से एक्टिव हो जाएगा। एक द्रोणिका पूर्वी उत्तरप्रदेश व आसपास उत्तरपूर्व से लेकर बंगाल तक बनी हुई है, जिसके कारण आने वाले दिनों में पूर्वी मध्यप्रदेश के साथ-साथ कटनी जिले में बारिश होने की संभावना है। ज्यादा बारिश 11 जून के बाद होगी। 11-12 को पूरे जिले में बारिश की संभावना।

### 15 जून तक एक्टिव होगा मानसून

जिले में 15 से 20 जून तक मानसून एक्टिव हो जाएगा। यदि प्री मानसून की बारिश और बढ़ी तो इसे मानसून की श्रेणी में माना जाएगा। इस बारिश के चलते किसानों के लिए कहा गया है कि जिन किसानों की मूंग-उड़द तैयार हो गया है उसकी कटाई कर सुरक्षित स्थान पर रख लें नहीं तो फसल खेत में सड़ जाएगी। मौसम खुलने पर सुखाकर थ्रेसिंग कर सकते हैं।

# सिटी न्यूज

अभी मास्क भी वैक्सीन है


यश भारत 8

www.yashbharat.com | कटनी, बुधवार 09 जून 2021 | फोन- 230033


# 420 निजी स्कूलों में मिलेगा गरीब वर्ग के बच्चों को दाखिला

## शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत प्रवेश के लिए कल से शुरू होंगे ऑनलाइन आवेदन

**कोविड बाल कल्याण योजना के तहत प्राथमिकता से प्रवेश दिया जाएगा अनाथ बच्चों को**

कटनी। कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर कमजोर पड़ने और लॉकडाउन समाप्त होने के बाद अब शैक्षणिक व्यवस्था को पटरी पर लाने की कवायद शुरू हो गई है। स्कूल शिक्षा विभाग जहां एक तरफ नए शैक्षणिक सत्र में बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो, इसके लिए ऑनलाइन एजुकेशन की तैयारियों में जुटा हुआर है तो वहीं दूसरी तरफ राज्य शिक्षा केन्द्र ने राइट टू एजुकेशन के अंतर्गत निजी स्कूलों में बच्चों के एडमीशन को लेकर प्रवेश प्रक्रिया जारी कर दी है। जानकारी के मुताबिक नि:शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत निजी स्कूलों में कमजोर एवं वंचित वर्ग के बच्चों को प्रवेश के लिए कल 10 जून से आवेदन लिए जाएंगे। राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के निर्देश पर जिले में भी जिला शिक्षा केन्द्र द्वारा पिछले दो दिनों से तैयारियां की जा रही थी। बताया जाता है कि जिले में 423 निजी स्कूलों में ऑनलाइन लाटरी के माध्यम से गरीब वर्ग के बच्चों को प्रवेश दिया जाएगा।



यश भारत खबर विशेष

इस संबंध में प्राप्त जानकारी के मुताबिक जिले के निजी स्कूलों में नए शैक्षणिक सत्र 2021-22 में शिक्षा के अधिकार अधिनियम आरटीई के तहत प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन कल 10 जून से शुरू होंगे। ऑनलाइन आवेदन के बाद 30 जून तक त्रुटि सुधार कर सकते हैं। इस बार स्कूल शिक्षा विभाग ने एक बड़ा फैसला लिया है। इस बार पिछले सत्र के बच्चों का एडमिशन इस सत्र में अगली कक्षा में लिए जाएंगे, वहीं इस बार कोविड बाल कल्याण योजना के तहत आने वाले बच्चों का प्राथमिकता से प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश प्रक्रिया भी दो बार आयोजित की जाएगी। प्रवेश प्रक्रिया आरटीई पोर्टल के माध्यम से होगी।

### पिछले साल नहीं हुए थे एडमीशन

बताया जाता है कि कोरोना संक्रमण के चलते पिछले साल सत्र 2020-21 में आरटीई के तहत एडमिशन नहीं हुए थे। इसे देखते हुए राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल ने इस बार दोगुना एडमिशन करने का निर्णय लिया है। आरटीई के तहत इस साल पिछले साल व इस साल के विद्यार्थियों को भी प्रवेश दिया जाएगा। पहली प्रवेश प्रक्रिया जून व दूसरी जुलाई में होगी।

### यह रहेगा उम्र का बंधन

आरटीई के तहत प्रवेश के लिए नर्सरी, केजी-1 व केजी-2 के लिए आयु 3 से 5 साल के बीच होना चाहिए। पहली कक्षा में प्रवेश के लिए आयु 5 से 7 साल होना चाहिए। सत्र 2021-22 के प्रवेश के लिए बच्चे की उम्र की गणना 16 जून 2021 की स्थिति में की जाएगी। वहीं कोविड-19 के कारण पिछले साल जो बच्चे प्रवेश से वंचित रह गए है, उनकी आयु की गणना 16 जून 2020 की स्थिति से की जाएगी।

### आरटीई की प्रक्रिया में शामिल होने वाले स्कूल

| विकासखंड | कुल स्कूल | प्रक्रिया में शामिल स्कूल |
|---|---|---|
| बड़वारा | 79 | 79 |
| बहोरीबंद | 60 | 59 |
| ढीमरखेड़ा | 44 | 44 |
| कटनी | 155 | 153 |
| रीठी | 29 | 29 |
| विजयराघवगढ़ | 56 | 56 |
| कुल योग | 423 | 420 |

### महत्वपूर्ण तारीख

ऑनलाइन आवेदन : 10 से 30 जून तक

दस्तावेज सत्यापन : 14 जून से एक जुलाई तक

ऑनलाइन लॉटरी : 6 जुलाई

आवंटित स्कूल में प्रवेश के लिए उपस्थित होना - 6 से 16 जुलाई तक। द्वितीय चरण के लिए स्कूलों की च्वॉइस को अपडेट किया जाना : 19 से 25 जुलाई तक। द्वितीय चरण से ऑनलाइन लॉटरी द्वारा स्कूल का आवंटन : 28 जुलाई

### दूसरे चरण में प्रवेश प्रक्रिया

ऑनलाइन आवेदन : 7 से 20 जुलाई तक

दस्तावेज सत्यापन : 8 से 21 जुलाई तक

ऑनलाइन लॉटरी : 26 जुलाई

स्कूल में प्रवेश के लिए 26 जुलाई से सात अगस्त तक।

### प्रवेश के लिए पात्रता एवं दस्तावेज

**वंचित समूह :** अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, वनभूमि के पट्टाधारी परिवार, विमुक्त जाति, नि:शक्त बच्चे, एचआइवी पीड़ित बच्चे। **कमजोर वर्ग :** गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले परिवार के बच्चे, अनाथ बच्चे, कोविड-19 से अनाथ हुए बच्चे।

**दस्तावेज**

1. वंचित समूह और कमजोर वर्ग का प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, नि:शक्त जन का प्रमाण पत्र।
2. निवास प्रमाणपत्र
3. मतदाता परिचय पत्र
4. राशन कार्ड, पात्रता पर्ची, समग्र पर्ची
5. ग्रामीण क्षेत्र का जॉब कार्ड
6. पासपोर्ट, ड्राइविंग लायसेंस, बिजली बिल, पानी बिल
7. जन्म प्रमाणपत्र।

### पिछले साल के विद्यार्थी अगली कक्षा में पढ़ेंगे

सत्र 2020-21 के लिए आवेदन करने की स्थिति में पिछले साल के विद्यार्थियों को इस बार नोशनल काल्पनिक प्रवेश मिलेगा, यानि प्रवेशित विद्यार्थी वास्तविक रूप से सत्र 2021-22 में प्रवेश की अगली कक्षा में पड़ेगा एवं वास्तविक कक्षा की फीस प्रतिपूर्ति ही संबंधित प्रायवेट स्कूल को भुगतान की जाएगी।

### इनका कहना है

जिले के 423 निजी स्कूलों को ऑनलाइन लाटरी में शामिल किया गया था, जिसमे से राइट टू एजुकेशन के तहत तीन स्कूलों को छोड़कर बाकी 420 स्कूलों से इस प्रक्रिया में शामिल होने के लिए आवेदन किया है। राइट टू एजुकेशन के तहत 10 जून से ऑनलाइन आवेदन लिए जा सकेंगे। **-के के डेहरिया, डीपीसी**



# झलवारा-मझगवां फाटक ग्रेड सेप्रेटर का जीएम ने किया निरीक्षण

## निर्माण कार्य की गति बढ़ाने के दिए निर्देश



**जबलपुर-कटनी-बीना रेलखंड पर विंडो इंन्शपेक्शन कर देखी व्यवस्थाएं**

**कटनी।** ट्रेनों की रफ्तार बढ़ाने से लेकर मेमू ट्रेनों को चलाने से जुड़ी तैयारियों का जायजा लेने पश्चिम मध्य रेलवे के महाप्रबंधक शैलेंद्र कुमार सिंह ने गतदिवस जबलपुर से कटनी होते हुए बीना रेल खंड का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ पमरे के इंजीनियरिंग, आपरेटिंग, मैकेनिकल, कमर्शियल और निर्माण विभाग के विभागाध्यक्ष और अन्य अधिकारी मौजूद रहे। जीएम ने निरीक्षण के दौरान इस रेलखंड पर स्थित स्टेशनों, रेल पुलों, रेल पथ, ओएचई एवं सिग्नल प्रणाली का देखा। मौके पर उन्हें वैसे ही सब कुछ बेहतर मिला, इसके बाद भी उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इसे बेहतर बनाने में किसी तरह की लापरवाही न करें। यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा ही रेलवे की प्राथमिकता है। कटनी से बीना के बीच तीसरी रेल लाइन का काम चल रहा है। कोरोना काल के दौरान यह काम धीमा हो गया। अभी भी कई क्षेत्रों में पेंच वर्क बाकी है, जो अभी पूरा होना है। निरीक्षण के दौरा जीएम ने निर्देश दिया कि यह काम भी जल्द से जल्द समय सीमा में पूरा हो। उन्होंने विभागाध्यक्षों से कहा कि मालगाड़ियों की गति बढ़ाने के लिए तीसरी रेल लाइन का काम पूरा होना जरूरी है। जीएम ने कटनी मुड़वारा स्टेशन के नजदीक बन रहे रोड ओवर ब्रिज का जायजा लेकर शेष कार्य को शीघ्र ही पूरा करने आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

### माल गोदाम की बदली जगह

सागर स्टेशन के माल गोदाम को लिधौराखुर्द स्टेशन पर स्थान्तरित करने के जीएम ने निर्देश दिया। मण्डल रेल प्रबंधक भोपाल एवं अन्य अधिकारियों के साथ उन्होंने बीना में बन रहे मेमू शेड को भी देखा। अधिकारियों से चर्चा के दौरान निर्माण में शेष कार्यों को शीघ्र पूरा करने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए। दरअसल बीना मेमू शेड का निर्माण लगभग रुपये 139 करोड़ रूपए की लागत से किया जा रहा है। इस शेड के चालू होने के बाद पश्चिम मध्य रेल मेमू ट्रेन के आठ रेकों का रखरखाव बीना मेमू शेड में किया जा सकेगा।

# आज से शुरू हो रही पुलिस की इ-सूचना सेवा, मैसेज करते ही टीम करेगी रेड

**कटनी।** जिले में लगातार बढ़ रहे अपराधों और चल ही अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए एक और नई कवायद पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी द्वारा आज बुधवार से शुरू की जा रही है। पुलिस की इ-सूचना सेवा शुरू की जा रही है। वाट्सएप नंबर जारी किया जा रहा है। इस पर किसी भी थाना क्षेत्र में चल रहे अवैध कारोबार की सूचना पर तत्काल टीम छापामार कार्रवाई करेगी। जुआ-सट्टा, अवैध तरीके से शराब बिक्री, स्मैक.-गांजा सहित अन्य मादक पदार्थों की तस्करी, देह व्यापार, मिलावट सहित अन्य अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाने कार्रवाई होगी। व्यक्ति पुलिस द्वारा जारी किए गए नंबर पर जानकारी भेजेगा, उसकी पतासाजी की जाएगी। जिला पुलिस स्तर पर टीम भेजकर कार्रवाई कराई जाएगी। हर मामलों में अलग-अलग टीम काम करेगी। खास बात यह है कि अवैध गतिविधियों की सूचना देने वाले मुखबिर की गोपनीयता रखी जाएगी। ताकि लोग निर्भीक होकर गलत कामों को उजागर कर सकें।

**अपराध नियंत्रण व अवैध गतिविधियों की रोकथाम के लिए पुलिस अधीक्षक की नई कवायद**

### इसलिए करनी पड़ रही यह पहल

बता दें कि पुलिस अधीक्षक कार्यालय में लगातार बड़ी संख्या में शिकायतें पहुंच रही हैं। कुछ थानों की पुलिस द्वारा पीड़ितों की सुनवाई समय पर नहीं की जा रही और ना ही न्याय मिल रहा। थाना क्षेत्रों में चलने वाली अवैध गतिविधियों पर भी अंकुश नहीं लग रहा, सख्त निर्देश के बाद भी मनमानी जारी है। अपराधों पर लगाम लगाने यह कावायद आज 9 जून से शुरू की जा रही है।

### इनका कहना है

लोगों की परेशानी कम करने, अपराध नियंत्रण, अवैध गतिविधियों की रोकथाम के लिए इ-सूचना सेवा शुरू की जा रही है। जिला स्तर की टीम गठित कर प्राप्त शिकायत पर जांच-कार्रवाई कराई जाएगी। यदि थाना प्रभारियों व स्टॉफकी संलिप्तता व गड़बड़ी पाई जाती है तो वैधानिक कार्रवाई होगी।

**-मयंक अवस्थी, पुलिस अधीक्षक**

# कटनी के 5 नेताओं को भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति में मिली जगह

## संजय पाठक, शशांक, पीताम्बर के साथ अलका जैन और ममता पटेल भी शामिल

**कटनी।** भारतीय जनता पार्टी की बहुप्रतीक्षित जम्बोजेट कार्यसमिति अंततः घोषित कर दी गई। पहले उपचुनाव फिर कोरोना की वजह से प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वी.डी. शर्मा अपनी कार्यसमिति की घोषणा नहीं कर पा रहे थे। हालांकि इसके पीछे कई राजनैतिक वजहें भी थीं। पिछले 3-4 दिनों से राजधानी भोपाल में चल रही सियासी सरगर्मी और पार्टी के अग्रिम पंक्ति के नेताओं के बीच मेल-मुलाकात के बाद अंततः प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यसमिति का ऐलान कर दिया है। खास बात यह है कि कार्यसमिति ने विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र से दो नेताओं को शामिल किया गया है। प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री एवं विजयराघवगढ़ के विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक के साथ पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ममता पटेल को भी विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में स्थान दिया गया है। कटनी जिले से श्री पाठक एवं ममता पटेल के साथ पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव, पूर्व विधायक श्रीमती अलका जैन, पूर्व जिलाध्यक्ष पीताम्बर टोपनानी को भी महत्व देते हुए कार्यसमिति में सदस्य बनाया गया है। भाजपाई राजनीति में चल रही सरगर्मी को लेकर पिछले 3-4 दिनों से कई तरह की चर्चाएं व्याप्त थीं। जिन मेल-मुलाकातों को पार्टी के भीतर सत्ता में बड़े परिवर्तन के तौर पर देखा जा रहा था, असल मायने में यह सारी कवायद प्रदेश कार्यसमिति को लेकर थी। प्रदेश अध्यक्ष वी.डी. शर्मा ने तमाम बड़े नेताओं से सलाह मशविरा कर अंततः कल देर रात सूची जारी कर दी। कार्यसमिति में कटनी से 5 नेताओं को शामिल करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने अपने लोकसभा क्षेत्र के प्रमुख हिस्से कटनी को तवज्जो दी है। 5 में से दो महिलाओं को शामिल कर महिला कोटा पूरा करने की कोशिश की गई हैं।

### अब जिला कार्यकारिणी की बारी

प्रदेश कार्य समिति घोषित होने के बाद अब जिला कार्यकारिणी की घोषणा की प्रतीक्षा की जा रही है। राजधानी में व्याप्त चर्चाओं के मुताबिक जल्द से जल्द जिलों की कार्यकारिणी फाइनल की जा रही है। कटनी में जिलाध्यक्ष की नियुक्ति हुए डेढ़ साल से भी ज्यादा का वक्त बीत चुका है, लेकिन अब तक वे नई कार्यकारिणी की घोषणा नहीं कर पाएं हैं। माना जा रहा है कि 2-3 दिनों के भीतर इस मामले में भोपाल से पहल हो सकती है। कटनी से तो कई बार नाम भेजे जा चुके हैं।

# साल 2021 का पहला सूर्यग्रहण कल

## सूर्य आग की एक अंगूठी की तरह चमकता हुआ देगा दिखाई



**कटनी।** साल 2021 का पहला सूर्यग्रहण कल 10 जून को लगने जा रहा है। यह ग्रहण वलयाकार सूर्य ग्रहण होगा। जिसमें सूर्य आग की एक अंगूठी की तरह नजर आता है। इस ग्रहण में चंद्रमा सूर्य को इस तरह से ढक लेता है कि सूर्य का बाहरी हिस्सा दिखाई देता है और बीच का भाग पूरी चरह से ढक जाता है। यह सूर्य ग्रहण कल 10 जून को दोपहर 1 बजकर 42 मिनट से शाम 6 बजकर 41 मिनट तक रहेगा। भारत में लोग इस ग्रहण को सीधे तौर पर नहीं देख पाएंगे लेकिन उत्तरी अमेरिका, उत्तरी कनाडा, यूरोप, एशिया, ग्रीनलैंड और रुस के कई हिस्सों में यह ग्रहण दिखेगा। 10 जून को सूर्य ग्रहण के अलावा शनि जयंति भी है। तिथि काल गणना के अनुसार 148 साल बाद ऐसा मौका आया है जब शनि जयंती के दिन सूर्यग्रहण भी लगेगा। चंद्रग्रहण की तरह साल का पहला सूर्यग्रहण भी भारत में दिखाई नहीं देगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सूर्य देव और शनि के पिता हैं और दोनों में काफी मतभेद और अलगाव हैं। भारत में यह सूर्य ग्रहण दिखाई नहीं देगा। इस वजह से इस ग्रहण का सूतक काल मान्य नहीं होगा। ज्योतिष अनुसार उसी ग्रहण का सूतक काल मान्य होता है जो ग्रहण आपके यहां से दिखाई दे। भारत में यह सूर्य ग्रहण नहीं दिखाई देगा और इसका सूतक काल भी मान्य नहीं होगा। रिंग ऑफ फायर या वलयाकार सूर्य ग्रहण के समय सूर्य आग की एक अंगूठी की तरह चमकता हुआ दिखाई देता है। ऐसा तब होता है जब चंद्रमा अपनी छाया से सूर्य के पूरे भाग को नहीं ढक पाता है और सूर्य का बाहरी हिस्सा प्रकाशित रहता है।

### 1381 सेम्पल की रिपोर्ट में एक पॉजीटिव केस

कटनी। आज जिले में 1381 सेम्पल की रिपोर्ट में एक पॉजीटिव केस मिला है। जिले में अब कुल संक्रमित मरीजों की संख्या 9357 हो गई है। आज एक भी मरीज को डिस्चार्ज नहीं किया गया है। जानकारी के मुताबिक स्वास्थ्य विभाग को सुप्राटेक लैब इंदौर से 789 सेम्पल की रिपोर्ट मिली है। जिसमे एक भी पॉजीटिव केस नहीं है। इसी तरह रेपिड एंटीजन टेस्ट की 592 सेम्पल की रिपोर्ट में भी एक केस नहीं है। जिले में अब तक 9233 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं।


**किराए से देना है**


बस स्टैंड से 500 मीटर मैहर रोड पर चौरसिया मैरिज गार्डन के ठीक सामने 17×40 की दुकान किराये पर उपलब्ध हैं।

**संपर्क करें- 9424849034, 7052191771,9425155542**




**तुम जियो हजारों साल**

**प्यारी मानसी गुप्ता को आज प्रथम जन्मदिन पर शुभकामनाएं, आशीर्वाद**



स्नेहीजन:- सुदामा प्रसाद-कुसुम गुप्ता (परपोती)
विजय-ज्ञान बाई गुप्ता, बालगोविंद गुप्ता (पोती),
मनीष-क्षमा गुप्ता (पापा-मम्मी)
पवन-स्वाति, सुभाष-सुनीता, आकाश-सुमन (बुआ-फूफा)
अभिषेक, शुभम, अनुज, विवेक-वंदना, (चाचा-चाची)
विजय-पूजा, रवि-प्रतिमा, (मौसी-मौसिया)
श्रुति, शरद, रूद्र, शिवाय, आकृति, अनिका, अक्षत, अभिनव (भाई-बहन )
लवकेश गुप्ता (मामा), सरिता गुप्ता (नानी), एवं समस्त गुप्ता परिवार।







स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)